राज्यपाल से राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष ने की मुलाकात

जयपुर, 6 सितंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को राजभवन में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान बोर्ड की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

——

राज्यपाल की गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 6 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गणेश चतुर्थी पर्व (7 सितम्बर) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा है कि भगवान श्री गणेश प्रथम पूज्य है। वह सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने वाले और मंगल करने वाले हैं। ऐसे भगवान श्री गणेश का हम वंदन, अभिनंदन करते हैं।

उन्होंने गणेश चतुर्थी उमंग और उत्साह से मनाने के साथ गणेशोत्सव पर भगवान श्री गणेश से राष्ट्र और प्रदेश की समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की है।

——